# मसीह 1



# मसीह 1


यहूदिया की भूमि, यरूशलेम के बाहर, बैतलहम के मार्ग पर।
रोमी अधिकारियों द्वारा आदेशित जनगणना के कारण, यहूदिया के सभी लोगों को अपने पुश्तैनी घरों में वापस जाना था।
उन सब यात्रियों में मरियम और उसका पति यूसुफ भी था।
उनको बैतलहम पहुँचना था, जो उनके घर नासरत से अस्सी मील दक्षिण में है।
मरियम, कुछ देर के लिए रुकते है।
मै ठीक हूँ, यूसुफ।
हमें समय का पर्याप्त लाभ उठाना चाहिए।
आम तौर पर, यह चार से पाँच दिन की यात्रा है, परन्तु मरियम गर्भवती है और बच्चे को जन्म देने के कगार पर है।
बैतलहम कहीं नहीं जा रहा है, वह वहीं रहेगा। हम आराम से वहाँ जा सकते है।
हाँ, और ये सभी लोग वहाँ रहेंगे जब हम वहाँ पहुचेंगे!
चिंता मत करो। वहाँ मेरे रिश्तेदार है।
हम एक सराय में रहेंगे जब तक हम अपने रिश्तेदार को न ढूंढ ले। सब कुछ ठीक हो जाएगा।
मरियम पिछले कुछ महीनों में कई बार यह सोच रही है कि उसको क्या यहाँ पर लाया है।
मुझे ज्ञात है, यूसुफ। मुझे ज्ञात है।
लूका 2:1-4


नासरत के छोटे से गाँव की एक युवती के रूप में, उसने समान्य और पारंपरिक जीवन की अपेक्षा की थी।
वह और उसके पति यूसुफ की मंगनी हुई थी, इसका अर्थ है कि वे विवाह के अनुबंध में एक साथ बंधे हुए थे।
परन्तु वे फिर भी अपने-अपने परिवार के साथ एक-दूसरे से अलग रहते थे।
परंपरा के अनुसार, वे दोनों उस रात की प्रतीक्षा कर रहे थे जब यूसुफ का पिता उसे मरियम को लाने के लिए भेजेंगा।
तब एक और बड़ा समारोह होगा।
और यूसुफ मरियम को अपने घर दुल्हन के रूप में ले जाएँगा।
मरियम! मैंने कल यूसुफ को तुम्हारे नए घर में काम करते देखा!
तेरे माता-पिता ने एक बढ़ई के साथ तेरा विवाह तय करके समझदारी का काम किया था!
वह है!
वह एक अच्छा व्यक्ति है!
उनका जीवन एक साथ शुरू होगा।
मरियम जानती थी कि यूसुफ एक मेहनती और धर्मी व्यक्ति है और वह एक उत्तम पति और पिता बनेगा।
उन्होंने उस घर मे रहने की योजना बनाई जिसे यूसुफ ने नासरत में अपने परिवार के घर के पास बनाया था कि वह घर उनके बच्चों से भरें, और वे एक साथ बड़े हों।
परन्तु यह एक युवा पुरुष और महिला की योजनाएँ थीं, और उनकी योजनाएँ नाटकीय रूप से बदलने वाली थीं।
अभिवादन, मरियम ...


क्या ... तुम्हें क्या चाहिए ...
तुझे डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, मरियम!
वास्तव में, तूने परमेश्वर में अनुग्रह पाया है!
तू शीघ्र ही गर्भवती होगी और एक पुत्र को जन्म देगी।
और तू उसका नाम यीशु रखना।
लूका 1:28-31


मैं?
हाँ। तू।
वह परमप्रधान परमेश्वर का बेटा कहलाएगा!
प्रभु परमेश्वर उसे राजा दाऊद का सिंहासन देगा, जिससे तू आया है, और वह सदा के लिए याकूब के घर पर शासन करेगा!
परंतु...
ये केसे हो सकता हे? यूसुफ और मै अभी तक एक दूसरे के पास ...नहीं...
मैं अभी तक कुँवारी हूँ।
मरियम, जिस पवित्र जन को तू जन्म देगी वह परमेश्वर का पुत्र होगा!
और परमेश्वर के लिए कुछ भी असंभव नहीं है!
यहाँ तक कि एलीशिबा, तेरी चचेरी बहन, अपनी जवानी से बाँझ होने के बावजूद, अब बुढ़ापे में बच्चे के साथ है!
मैं...
मैं प्रभु की दासी हूँ।
लूका 1:32-37


... जब तूने मुझे यहाँ आने के लिए कहा तब मैं बहुत खुश थी, एलीशिबा।
यूसुफ की मांग हो सकती है कि मुझे मार दिया जाए।
परन्तु वह सोचता है कि तलाक सबसे अच्छा तरीका है: वह एक व्यभिचारी से विवाह नहीं कर रहा है, और मैं अपने परिवार के साथ बच्चे को लेकर जीवित रह सकती हूँ।
वह एक अच्छा व्यक्ति है, मरियम। उसे समय दे।
तूने पूछा कि जकर्याह ठीक है। क्या तू जानती हैं कि उसे भी कल एक स्वर्गदूत ने दर्शन दिया था?
जकर्याह और मुझे कभी बच्चे नहीं थे, परन्तु इसलिए नहीं कि हम बच्चा नहीं चाहते थे।
हमने कोशिश की। हमने प्रार्थना की। और हमने हार मान ली।
"यह हमारे जीवन में नहीं था, हमने परमेश्वर पर भरोसा रखने का फैसला किया कि इसके पीछे भी एक उद्देश्य है।
"परन्तु जब एक याजक के रूप में अपने नियमित कर्तव्य के लिए जकर्याह यरूशलेम में था, तब उसे धूप जलाने के लिए मंदिर के पवित्र स्थान पर जाने के लिए चुना गया।
"याजक अकेले पवित्र स्थान में प्रवेश करता हैं, परन्तु अचानक जकर्याह ने स्वयं के साथ एक साथी को पाया!
डरने की कोई बात नहीं है, जकर्याह।
तेरी प्रार्थनाओं का उत्तर दिया जा चुका है। तू और तेरी पत्नी एलीशिबा का जल्द ही एक पुत्र होगा।
तू उसका नाम यूहन्ना रखना वह तेरे घर में आनन्द लाएगा।
उसके जन्म के कारण बहुत से लोग आनन्दित होंगे!
लूका 1:5-14



वह प्रभु परमेश्वर के लिए उनके लोगों को वापस लाएगा, और वह एलिय्याह की आत्मा और सामर्थ्य में होकर उसके आगे-आगे चलेगा!
वह अधर्मी लोगों को धार्मिकता की ओर फेरेगा!
और वह लोगों को तैयार करेगा, प्रभु के आने का रास्ता तैयार करेगा!
"और इसलिए मेरा पति याजक, मेरा पति रब्बी, वह परमेश्वर के इस दूत से कहता हैं:
यह कैसे हो सकता है? मेरी पत्नी और मैं, हम दोनों बूढ़े है!
मैं गब्रिएल हूँ! मैं परमेश्वर की उपस्थिति में खड़ा होता हूँ, परमेश्वर ने मुझे तेरे से कुछ कहने के लिए भेजा है!
अब, तू उस समय तक नहीं बोलेगा, जब तक यह सब सच न हो जाए, क्योंकि तू मेरी बात पर विश्वास नहीं करता है!
मुझे यह सब समझने में कुछ समय लगा क्योंकि वह केवल हाथ के संकेतों और लेखन से संवाद कर सकता था।
परन्तु स्वर्गदूत ने जो कहा वह सच हो गया है: जकर्याह बोल नहीं सकता है और मेरे गर्भ में एक बच्चा पल रहा है।
मेरे जकर्याह ने अपना सबक सीखा है।
तेरे यूसुफ? उसके साथ में कुछ ऐसा ही करेगा।
मैं आशा करती हूँ कि कुछ ऐसा ही हो, परन्तु मुझे पता है कि वह मेरे बारे में क्या सोचता है...
परमेश्वर उससे सत्य नहीं छुपाएगा और जब उसके सामने सत्य आएगा तब तेरा यूसुफ भी तेरे समान प्रभु की सेवा करना चाहेगा।
मैं... मैं आशा करती है।
मरियम लगभग तीन महीने तक एलीशिबा के साथ रही।
नियत समय में, एलीशिबा ने एक पुत्र को जन्म दिया। उसके पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने यह जाना कि परमेश्वर ने उन पर अनुग्रह किया है, और उनके आनन्द में शामिल हुए।
लड़के के जन्म के आठवें दिन उसका खतना किया गया।
मुझे आशा थी कि अब तक जकर्याह बोलने योग्य होगा।
मैं उससे स्वर्गदूत के साथ उसकी मुलाकात के बारे में जानना चाहती थी।
मैं आशा कर रही थी कि वह खतना पर बात कर सकेगा।
लूका 1:16-20


और मुझे लगता है कि उसके पिता के नाम पर बच्चे का नाम जकर्याह होगा।
नहीं!
यूहन्ना! उसका नाम यूहन्ना रखना है!
परन्तु मेरे अनुसार उसके परिवार में कोई यूहन्ना नहीं है!
क्या तेरे यहाँ कोई यूहन्ना नाम का है?
नहीं, परन्तु उसे यूहन्ना नाम दिया जाना है!
क्या तुझे उसे एक अच्छे परिवार का नाम नहीं देना चाहिए?
मुझे नहीं लगता कि मैं उस नाम से किसी को जानता हूँ!
जकर्याह, तू इस बारे में क्या सोचता है?
कोई जकर्याह के लिए लिखने की पट्टी लाए!
इसका नाम यूहन्ना है।
बहुत अच्छा, फिर, यह यूहन्ना है!
प्रभु की स्तुति करो!!!
यहोवा की स्तुति करो, क्योंकि उसने अपने लोगों को छुड़ा लिया है!
और तू, मेरा पुत्र, परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता होगा, लोगों को परमेश्वर के उद्धार और क्षमा के लिए तैयार करेगा!
और उस क्षेत्र में हर कोई आश्चर्यचकित हुआ और जो जकर्याह और एलीशिबा के साथ हुआ उसके बारे में बात की।
लूका 1:59-64


नासरत में, यूसुफ ने वह सब सामना करना जारी रखा जो उसके लिए कभी अकल्पनीय था।
उसने सोचा कि उसकी योजना उत्तम थी।
उसने उसको जीवन दान दिया और उसे प्रभु के सामने धर्मी बने रहने दिया...
परन्तु यह गलत क्यों प्रतीत हुआ?
प्रभु, मुझे क्या करना चाहिए?
यह घर हमारा घर होना था।
हमारा जीवन!
वह इसे इस तरह से कैसे बर्बाद कर सकती है?
मुझे क्या करना चाहिए?
यूसुफ?
मत्ती 1:19-20


डर मत, यूसुफ!
तू मरियम को अपनी पत्नी के रूप में अपने घर ले जाने से मत डर!
वह सच बोल रही है: उसके गर्भ में जो बच्चा है वह पवित्र आत्मा से है और वह एक पुत्र को जन्म देगी!
तू, यूसुफ, उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों को उनके पापों से बचाएगा!
क्या...
क्या हुआ?
जब यूसुफ उठा, तो उसने वही किया जो यहोवा के दूत ने उसे करने की आज्ञा दी थी।


बाद में, जकर्याह और एलीशिबा के घर पर।
ओह, तुम्हारी पकड़ कितनी अच्छी है!
परमेश्वर ने तुझे अपने पुत्र को बड़ा करने के लिए चुन कर सही विकल्प चुना है, तुझे बच्चे को पालना आता है।
यूसुफ? तुम यहाँ क्या कर रहे हो?
स्वर्गदूत। वह मेरे पास भी आया।
क्या अब तू मुझ पर विश्वास करता है?
हाँ, मरियम। बेशक, मैं तुझ पर विश्वास करता हूँ।
देख, मैंने तुझे कहा था की वह आएगा।
वह एक अच्छा व्यक्ति है।
मुझे पता है।
मुझे घर जाना चाहिए --
हमारे घर को पूरा करने के लिए
परन्तु मैं चाहता था कि तुझे पता चले कि क्या हुआ था।
यदि तू अभी भी चाहती है तो सब कुछ योजना के अनुसार आगे बढ़ेगा।
हाँ, यूसुफ! बेशक मैं चाहती हूँ!
मैंने एलीशिबा को कुछ और हफ्तों तक बच्चे को पालने में सहायता करने का वादा किया है, जब तक की सब ठीक नहीं हो जाता
घर जल्द आना।
हम नहीं जानते कि मेरा पिता तुझे लाने के लिए मुझे कब भेजेगा, परन्तु जब वह मुझे भेजेगा तब मैं तुझे अपने घर ले जाना चाहता हूँ!
मरियम के अपनी चचेरी बहन के घर से आने के बाद, और जब यूसुफ ने अपने घर पर काम पूरा कर लिया, तब वह समय आया जब यूसुफ के पिता ने उसे अपनी दुल्हन को लाने के लिए भेजा।
विवाह की रस्म पूर्ण होने के उपरान्त, सम्पूर्ण आनंद के साथ, यूसुफ और उसके बारातियों ने मरियम को उसके पिता के घर से लेकर यूसुफ के घर लाए।
परन्तु यूसुफ ने मरियम के साथ कोई संबंध नहीं बनाया। उसने उस समय तक प्रतीक्षा की जब तक उनका वादा किया हुआ पुत्र पैदा नहीं हुआ।
हालांकि, यूसुफ द्वारा बनाये घर में बच्चा पैदा नहीं हुआ-
लूका 1:57-58, मत्ती 1:24-25


क्योंकि उनके विवाह के कुछ ही समय बाद, नाम लिखाई का समय आया, और सब लोगों से नाम लिखवाने के लिये अपने-अपने पैतृक घर में जाने की माँग की गई।
और एक बार फिर से मरियम और यूसुफ ने अपने आप को एक अप्रत्याशित रास्ते पर चलते पाया।
परन्तु वे दोनों परमेश्वर में अपना विश्वास रखते थे, और उन्हें यह ज्ञात था कि यह परमेश्वर का मार्ग है।
यूसुफ, मैं थोड़ी देर और चल सकती हूँ।
शायद तू चल सकती है, परन्तु जब तुझे चलने की आवश्यकता नहीं है तो ऐसा क्यों करना?
चलो चलते रहते हैं।
सभी अच्छे कमरे लिए जा चुके है!
जाओ! घर जाओ!
तुम इस जनगणना में हिस्सा लेकर हमारी भूमि पर कब्जा करने वालों का पालन क्यों करते हैं?
रोमी साम्राज्य के लोग हमारे लिए कुछ भी नहीं करते है! सम्राट स्वयं को परमेश्वर कहता है, परन्तु हम केवल एक ही परमेश्वर की सेवा करते है!
किसी को यह तथाकथित राजा, हेरोदेस को समझाने की आवश्यकता है!
हम बस पहूँचने वाले है! बैतलहम! मेरा पैतृक घर! राजा दाऊद का जन्मस्थान!
और इस बच्चे का जन्मस्थान भी। हमें रहने के लिए स्थान चाहिए, यूसुफ।
और शीघ्र।
हमारे पास आज रात एक गर्म बिस्तर होगा और हम कल हमारे परिवार को मिल पाएँगे।
और वे एक साथ मार्ग पर चलकर प्रसन्न थे।

लूका 2:1-5


यरूशलेम।
राजा हेरोदेस!
क्या तू राज्यपाल क्विरिनियुस का दूत हैं, हाँ?
स्वागत है! मैं तेरी सेवा कैसे कर सकता हूँ?
राज्यपाल क्विरिनियुस जानना चाहता है कि जनगणना कैसा चल रही है, राजा हेरोदेस!
राज्यपाल क्विरिनियुस तो सीरिया का राज्यपाल है, लकिन -
कोई गलती मत कर, राजा हेरोदेस, राज्यपाल क्विरिनियुस यहूदिया का राज्यपाल नहीं है --
परन्तु वह तुझ पर शासन करता है।
राज्यपाल क्विरिनियुस को बताना कि पिछले दिनों से वह बदल गया है क्योंकि उसने मुझ पर जाँच करने के लिए एक दूत को भेजा है।
लोग अपने पुरखों के नगर जा रहे हैं जैसा कि रोमी साम्राज्य का आदेश है, परन्तु यहाँ और वहाँ छोटे-छोटे विद्रोह हो रहे है।
उनके आदेश ने इन लोगों के साथ मेरे सद्भाव का भरपूर रूप से बेकार किया है।
हम्म्म
जनगणना का एक उद्देश्य है।
यह दर्शाता है कि कौन रोमी साम्राज्य के प्रति वफादार है और कौन नहीं है और, मुझे लगता है, तुम्हारे लिए भी यह ऐसे ही काम करेगा।
जिस विद्रोह के बारे में तुम बता रहे हो, यह हमें अवसर देता है कि हम तुम्हारे क्षेत्र से रोमी साम्राज्य के विद्रोह को माप सके।
तूने यह समाचार देने में उपेक्षा की है, ऐसा लग रहा है कि तेरे क्षेत्र में फरीसियों की जनगणना में भाग लेने की कोई योजना नहीं है।
लूका 2: 1-2



जनगणना खत्म नहीं हुई है।
तू राज्यपाल क्विरिनियुस को बता सकता है कि सब ठीक है।
और तू उसे बता सकता है कि उसे मुझ पर जाँच करने के लिए अपने पालतू कुत्तों को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
आ।
क्या तूने उस ठिठोली को सुना है जो कैसर इस राजा हेरोदेस के बारे में करता है?
स्वामी?
कैसर कहता हैं, "मैं हेरोदेस के घर में सुअर होना पसंद करूँगा बल्कि उसका पुत्र नहीं"।
हेरोदेस ने सूअर का माँस न खाकर यहूदी होने का नाटक किया और यह आशा कि लोग उसे गले लगाएँगे।
परन्तु उसने अपने ही परिवार के सदस्यों को अपने मगरमच्छों को खिलाया क्योंकि उसे डर था कि वे उसे सिंहासन लेने की धमकी देंगे।
उसने मुझे भी मगरमच्छों के पास फेंक दिया होता अगर मैं रोम का अधिकारी नहीं होता।
वह व्यक्ति अपने सिंहासन को बनाये रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार है --
"-- कुछ भी।"


बैतलहम।
रात होने पर।
अगर मुझे अपने रिश्तेदारों के बारे में पता होता कि वे कहाँ है फिर भी मुझे नहीं लगता कि मैं उन्हें जल्द ही खोज सकता।
चलो बस अगले कुछ दिनों तक रहने के लिए कोई स्थान ढूँढते है।
हम उन्हें बाद में ढूँढ सकते हैं। मुझे - आह! -- लेटना है।
मुझे इसकी आशा नहीं थी।
क्या तू ठीक है?
मेरी पीठ थोड़ी सी ... पीड़ा में है। आओ एक सराय खोजें ...
महोदय, क्या आपके पास हमारे लिए एक कमरा है?
क्या तुम्हे लगता है कि मेरे पास एक कमरा है? मैंने एक हफ्ते पहले ही दोनों कमरों को किराए पर दे दिया है!
हम आशा कर रहे थे कि आपके पास एक छोटा कमरा उपलब्ध हो सकता है।
हम साझा करने के लिए भी तैयार है।
क्षमा करना, 'जिस परिवार ने ऊपर का कमरा किराये पर लिया है' वे साझा नहीं करना चाहते है और मैं पहले से ही एक और परिवार के साथ नीचे साझा कर रहा हूँ!
प्रणाम! कृपया आइये!
चलो, यूसुफ, वे दरवाजा नहीं खोलने वाले है।
अन्दर की आवाज से ऐसा लगता है कि उनका घर पूरा भरा हुआ है।
कृपा करे, महोदय, किसी के पास हमारे लिए कोई स्थान नहीं है।
मुझे क्षमा करें!
हमें बस एक आश्रय की आवश्यकता है। तुम देखो, मेरी पत्नी --
हाँ! तुम्हे जल्द ही एक स्थान ढूंढना हैं; ऐसा लगता है जैसे कभी भी बच्चा जन्म ले सकता है!
लूका 2:6-7


महोदय, मेरी पत्नी और मुझे रहने के लिए स्थान चाहिए।
हमें अधिक की आवश्यकता नहीं है, बस ठंड से बचने के लिए कोई आश्रय।
आपको पहले आना चाहिए था।
हाँ।
मेरे पास तुम्हारे लिए कोई स्थान नहीं है।
परन्तु मेरे पास कुछ तो है।
यदि तुम विशेष नहीं हो, तो मैं तुमको कुछ दिनों के लिए आश्रय दे सकता हूँ।
यह बैतलहम में सबसे अच्छा कमरा तो नहीं है।
परन्तु यह आपको गर्म रखेगा और यह सस्ता है।
धन्यवाद महोदय।
यहाँ लेट जाओ।
आराम से रहने की कोशिश करो।
यूसुफ, हमें एक दाई की आवश्यकता है।
ज़रूर।
एक दो दिनों में हमें मेरे रिश्तेदार मिल जाएँगे। मुझे आशा है कि वे किसी दाई के बारे में जानते होंगे।
यूसुफ, हम इस बच्चे को अकेले जन्म देने में सक्षम नहीं है!
ठीक है, मैं कल सराय के देखरेख करने वाले से पता करता हूँ -
अभी!
लूका 2:6-7


ओह!
परन्तु मुझे तुझे अकेला नहीं छोड़ना चाहिए!
समय आ गया है, यूसुफ।
मुझे लगता है, यह अभी जन्म लेने वाला है।
चले जाओ! परन्तु जल्दी करना!
देखता हूँ अगर सराय की देखरेख करनेवाला किसी को जानता है!
मैं अभी वापस आता हूँ!
हे! मेरी पत्नी!
वह बच्चे को जन्म देने वाली है!
क्या हो रहा है?
बच्चा जन्म लेने वाला है! हमें एक दाई की आवश्यकता है!
अपनी पत्नी के पास वहाँ वापस जा!
मैं किसी को देखता हूँ!
वे किसी भी क्षण यहाँ आएँगे।
सब कुछ ठीक हो जाएगा।
मुझे पता है।


मुझे कोई मिला।
तुम पिता हो?
मैं इसका पति हूँ।
तुम लोग को यहाँ नहीं होना चाहिए।
इसकी अच्छे से देखभाल करना!
वह बहुत विशेष बच्चा है!
हाँ, हाँ, हम जानते हैं।
तुन्हें अब बाहर जाना चाहिए।
अब, युवती, मुझे बता कि तू कैसा महसूस कर रही है।
यह ठीक है, तू अच्छा कर रही हैं।
बहुत हुआ! मैं अब नहीं कर सकती!
जब तू अगली बार दर्द महसूस करें तो ऐसा करना...
लूका 2:7


महोदय!
तुम्हे एक पुत्र हुआ है!
वह सुन्दर है।
हाँ। वह है।
लूका 2:8-12


उस देश में कितने गड़ेरिये थे, जो रात को मैदान में रहकर अपने झुण्ड पर पहरा देते थे।
दादा, क्या वास्तव में हम सभी को बाहर जाने की आवश्यकता है?
ठंड बहुत है और मैं थक गया हूँ!
आह, तोबिन! तुम इस तरह की रात में यहाँ रहना पसंद कैसे नहीं करोगे!
हम सबसे कीमती प्राणियों की रक्षा करते हैं!
ये भेड़ें हमारे लोगों को गर्म रखने के लिए ऊन प्रदान करती हैं; हमारे लोगों को खाने के लिए मॉस और पनीर; और हमारे लोगों को पीने के लिए दूध देती है!
राजा दाऊद स्वयं एक चरवाहा था - शायद हमारे झुंड में कुछ उसी के झुंड से हो!
और जिन मेमनों को इन भेड़ी ने जन्म दिया है उनको पापों के लिए बलिदान के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है -
क्या हो रहा है?
दादा, देखो!
कृपया, डरो मत।
आज, बैतलहम, दाऊद के शहर में, तुम्हारे उद्धारकर्ता का जन्म हुआ है!
वही मसीह प्रभु है!
यदि तुम उसे ढूंढना चाहते हैं, तो तुम्हारे लिये यह चिन्ह है, कि तुम एक बच्चे को कपड़े में लिपटे चरनी में पाओगे!
लूका 2:13-14


आकाश में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में जिनसे वह प्रसन्न है शान्ति हो!
लूका 2:15-16


मुझे क्षमा करें...
हमें बताया गया ... यानी, हमें सूचित कर दिया गया है --
स्वर्गदूतों ने हमें बताया कि बच्चा मसीहा पैदा हो गया है!
स्वर्गदूतों?
स्वर्गदूतों। आश्चर्यचकित?
उन्होंने कहा कि बच्चा एक चरनी में होगा, और यह एक ही चरनी है जिसे हमने बच्चे के साथ पाया है!
हमने उन सभी को देखा है!
क्या यह वही है
हाँ।
इसका नाम क्या है?
यीशु।
इसका मतलब...


"...प्रभु उद्धार है।"

Kiswahili

عربى

中文简体字

ខ្មែរ

नेपाली

Türkmençe

Türk

հայերեն

فارسی

Точик

हिंदी

SUPERBIBLE

Қазақ

***The Bible in Explained in Every Language.***

русский

Kurmancî

Română

Кыргызча

Azəri

বাংলা

中文繁體字





SUPERBIBLE.TV